दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### खटारा वाहनों की जांच नही, बेखौफ होकर मौत का वारंट लेकर दौड़ रही सड़कों पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दो साल पहले छातामुड़ा चौक में धान से लोड एक भारी वाहन से एक छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद हुए बवाल को लेकर तात्कालीन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने एफसीआई से वाहनों की सूची मांगी थी। जिसमें एफसीआई ने करीब 145 वाहनों की सूची जांच के लिए दिया था। उक्त वाहनों की जांच आज तक नहीं हो पायी है। और यही खटारा वाहन आज भी सड़कों पर मौत बनकर बेखौफ दौड़ रहे हैं। इधर, इन वाहनों की जांच करने वाले जिम्मेदार अफसर चुनाव में व्यस्त होने का हवाला दे रहे हैं।

### अटल चौक के पास अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ अटल चौक से सारंगढ़ बाईपास के पास शनिवार दोपहर एक अज्ञात लाश मिली है। अज्ञात लाश की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लाश की शिनाख्ती में जुटी हुई है।

### कृषि विकास अधिकारी के सुने मकान से हजारों का माल पार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चुनाव ड्यूटी में गए कृषि विकास अधिकारी के सुने मकान में चोरों ने धावा बोलते हुए हजारों का माल ले उड़े। घटना की जानकारी घर आकर अधिकारी को लगी जहां घर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। चोरी की वारदात के बाद अधिकारी ने चक्रधर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अशोक कुमार सिंह बनाफर पिता राम कृष्ण सिंह बनाफर उम्र 54 वर्ष निवासी जनपद पंचायत के पीछे कृषि विभाग शासकीय आवास का रहवासी हैं। शुक्रवार को नौ नवम्बर की सुबह 08:30 बजे रेंगालपाली चुनाव डयूटी में गया था, वही उसके परिवार के लोग भी बाहर गए हुए थे । इस बीच काम काज को निपटाने के बाद शाम 7 बजे घर पहुंचकर घर के बाहर का नजारा देख उसके होश उड़ गए थे। जहा घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा था व घर के अंदर दो अलमारी को तोड़ते हुए उसमें रखा सामान का अस्त व्यस्त मिला वही जांच करने पर सोने चांदी के आभूषण लगभग 30 हजार व नगद रकम 15, हजार रुपये ले उड़े।फिलहाल कृषि विकास अधिकारी के शिकायत पर धारा 454, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### भाई दूज के दिन पटाखा जलाते बालक झुलसा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विगत तीन दिन से मेडिकल कालेज अस्पताल में आग से आधा दर्जन महिला पुरुष झुलसने का मामला समाने आया है। वही भाई दूज के दिन शाम को फटाखा जलाने के दौरान 10 वर्षीय बालक झुलस गया। इस सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम दास बैरागी गणेशदास महंत 10 वर्षीय पंजरी प्लांट निवासी है। बताया जा रहा है कि घनश्याम अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार को फटाखा जला रहा था इस दौरान बम जला रहा था। इस बीच फटाखा फट गया इससे बालक का चेहरा व सीना बुरी तरह से झुलस गया। घटना को देख परिजनों ने आनन फानन में मेडिकल कालेज अस्पताल भर्ती किया गया। जहां बालक का उपचार जारी है।

### पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई खुद पर आग

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र चंदन नगर निवासी सरोजनी निषाद पति नवधा निषाद दीवाली के दिन खुद को आग के हवाले कर दी। इस घटना से महिला बुरी तरह से झुलस गई जिसका मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की दशा नाजुक बनी हुई है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने चार जिलों कांकेर, राजनांदगांव, कबीरधाम और बेमेतरा का दौरा कर विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इन सभी जिला मुख्यालयों में जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान और मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों की शंकाओं का समाधान कर जरूरी मार्गदर्शन एवं निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समीर बिश्नोई और पद्मिनी भोई साहू, पुलिस महानिरीक्षक एवं विधानसभा निर्वाचन के सुरक्षा नोडल अधिकारी दीपांशु काबरा भी उनके साथ थे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने चारों जिलों में मतदान केन्द्रों एवं



मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर एवं दिव्यांगो के लिए रैम्प की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साहू ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमीशनिंग, वेबकास्टिंग वाले मतदान केन्द्रों और महिला मतदाताओं के लिए स्थापित किए जा रहे संगवारी मतदान केन्द्रों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।सुब्रत साहू ने प्रथम चरण के निर्वाचन वाले कांकेर और राजनांदगांव जिले और द्वितीय चरण के निर्वाचन वाले कबीरधाम और बेमेतरा जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र में आकर्षक सेल्फी जोन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवा मतदाताओं में विशेष रूप से उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि सेल्फी जोन बनाने के लिए पोस्टर भेजे जा रहे हैं।

## जमीन बना विवाद का कारण दोनों पक्ष आपस में भिड़े




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों की पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट व बलवा के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की रिपोर्ट इस प्रकार है कि मोतीलाल साहू पिता त्रिलोचन साहू 38 ग्राम पलगड़ा निवासी वर्तमान में बोतल्दा में रहता है। उसका निजी मकान नेशनल हाईवे रोड विस्तार में टूट गया है। शासन की ओर से उसे मिले मुआवजा राशि से वह ग्राम पलगड़ा सड़क किनारे 14 डिसमिल जमीन मकान निर्माण के लिए लिया है। उसकी जमीन के सामने शासकीय भूमि है। इसी शासकीय भूमि से चलकर वह अपनी निजी जमीन में आना जाना करता है। उक्त शासकीय भूमि को सुरीत राम पिता साधुराम मेरा है कहकर प्रार्थी के निजी एवं सरकारी भूमि पर प्रार्थी द्वारा किए गए निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर मकान बनाना चालू कर दिया था। जिसका प्रार्थी विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। 9 नवंबर सुबह 7.30 बजे आरोपीगण सुरीत राम यादव, सुरीत की पत्नी, सुरीत का बेटा, नरेन्द्र की पत्नी, सुरीत के बड़ी भाभी, सुरीत का भाई फूल सिंह, फूलसिंह की पत्नी, सुरीत का भतीजा भूषण सभी मिलकर योजनाबद्ध तरीके से प्रार्थी की मां के साथ मारपीट किए। सुबह 09 बजे प्रार्थी बोतल्दा से अपनी पत्नी लक्ष्मी, पुत्र फर्वेश, पुत्री खुशी, लेबर राणा एवं मिस्त्री के साथ उसी जमीन में अपने बाड़ी का काम करवाने पलगड़ा आया।

## रामलीला मैदान व नटवर में इस बार नहीं बजेगी कोई चुनावी रणभेरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान व नटवर में इस बार कोई चुनावी रणभेरी नहीं बज सकेगी। आयोग ने दोनों ऐतिहासिक मैदानों में किसी भी पार्टी को रैली सभा एवं किसी तरह की आयोजन करने की अनुमति नहीं दी है। जिससे इन दोनों मैदानों में नेताजी के भाषण की आवाज सुनने नहीं मिलेगी और स्टेडियम एवं मिनी स्टेडियम को ऐसे किसी आयोजन के लिए आरक्षित किया गया है।

भाजपा व कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के कई नेताओं की रैली आमसभा एवं कार्यक्रमों का गवाह बना रामलीला मैदान एवं नटवर स्कूल का मैदान इस बार पूरी तरह से शांत है। विधानसभा के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार प्रसार शुरू कर रखा है लेकिन शहर के इन दोनों ऐतिहासिक मैदानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने इन दोनों मैदानों में किसी भी तरह के आयोजन, रैली आमसभा या राजनैतिक कार्यक्रमों के लिए अनुमति नहीं दी है और इसकी जगह शहर के स्टेडियम परिसर एवं कलेक्टोरेट के बगल में स्थित मिनी स्टेडियम को इसके लिए आरक्षित रखा है। ऐसे में रामलीला मैदान से इस बार किसी भी नेताजी का भाषण सुनने को नहीं मिल सकेगा।

## जुआरियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 30 जुआरी गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली व कोसीर पुलिस ने 9 नवंबर को जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 जुआरियों को गिरफ्तार किया। सभी पकड़े गए आरोपितों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जुआरियों के पास से करीब 40 हजार रूपए नकदी और 52 पत्ती तास जप्त किया गया है जिसमें कोतवाली पुलिस ने यहां सहयोग कोचिग सेटर के पीछे जुआ खेल रहे 5 महिला व 2 युवक को पकड़ा है तो वहीं कोसीर पुलिस ने नया बस्ती कोसीर के बाहर



खेत में जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक को ग्राम लेन्ध्रा छोटे में खुडखुडिया खिलाते पकड़ा गया है। इसके अतिरिक्त 9 नवंबर को जिले के अन्य थाना/चौकी में जुआ एक्ट के 06 प्रकरण 28 व्यक्तियों के विरूद्ध बनाया गया है, जिसमें 31,170 रूपये जप्त किया गया है ।

## मारवाड़ी युवा मंच रायगढ़ ग्रेटर ने उम्मीद, नीलांचल और आशियाना के बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रायगढ़ ग्रेटर परिवार ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी और समाजिक कार्यो की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए अनाथ और मुकबधीर बच्चों को बीच जाकर अपनी दिवाली मनाई और उन बच्चों के चेहरों मुस्कान बिखेरे। छोटी दिपावली के दिन जब सारा शहर दिवाली की मस्ती मे खोया हुआ था तब रायगढ़ की सबसे सक्रिय समाजिक संस्था मायुंम रायगढ़ ग्रेटर ने मुगबधिर आश्रम उम्मीद में 54 बच्चे जो कि सभी दिमागी रुप से असक्षम है उनके साथ उनके बीच जाकर दिपावली मनाई और अपनी खुशिया बांटी।

## मतदान दल कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण 12 से 15 नवम्बर तक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत मतदान दल कर्मियों का 12 से 15 नवम्बर तक दो पाली में द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। जिसमें मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र प्रदाय कर डाक मतदान किया जाएगा जिसमें विधानसभा लैलूंगा के मतदान दल कर्मियों को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह विधानसभा रायगढ़ के लिए कि.शास. पालीटेक्निक रायगढ़, विधानसभा सारंगढ़ के लिए केआईटी रायगढ़, विधानसभा खरसिया के लिए शास. नटवर उमावि रायगढ़ एवं विधानसभा धरमजयगढ़ के मतदान दल कर्मियों को नगर पालिक उ.मा.वि. रायगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रत्येक दिवस पहली पाली पूर्वान्ह 11 से दोपहर 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली शाम 4 से 6 बजे तक मतदान कर्मियों द्वारा डाक मतदान किया जाएगा।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ के बरमकेला विकासखण्ड के छेवारीपाली धोबनीपाली के यमुना स्व-सहायता समूह की 25 वर्षीय श्रीमती कमला सिदार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि इस देश के प्रत्येक नागरिक निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।




## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931